कार्यालय, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
संख्या–429 /04/डी0आर0/एस–9/2019–20
प्रयागराजः दिनांक 15 दिसम्बर, 2021

ऑनलाइन/प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवाएं, उ0प्र0, के अन्तर्गत चिकित्साधिकारी (एलोपैथ)(सामान्य चयन) पद हेतु विज्ञापन संख्या–01/2020–21, विभाग संख्या–एस–9/02, दिनांक–05.09.2020 द्वारा ऑनलाइन विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक–05.10.2020 थी।

विज्ञापनोपरान्त शासन द्वारा प्रेषित यह सूचना कि उक्त चयन में 10 पद दिव्यांग अभ्यर्थियों (ओ0ए0/ओ0एल0) हेतु आरक्षित है, के क्रम में ऐसे दिव्यांग (ओ0ए0/ओ0एल0) अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जो उक्त विज्ञापन के क्रम में आवेदन करने से वंचित रह गये हों तथा विज्ञापन की अन्तिम तिथि दिनांक–05.10.2020 तक आयु एवं अर्हता सम्बन्धी समस्त शर्ते पूर्ण करते हों। ऐसे अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर जाकर दिनांक–04.01.2022 तक निर्धारित शुल्क जमा करते हुए अन्तिम तिथि दिनांक–07.01.2022 तक ऑनलाइन आवेदन सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। **जिन दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापन दिनांक–05.09.2020 के माध्यम से पूर्व में आवेदन किये जा चुके हों, ऐसे अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर जाकर "ALL NOTIFICATIONS/ADVERTISEMENTS" पर Click करें। तत्पश्चात् **Online Registration, Fee Submission** एवं आवेदन पत्र के **Final Submission** सम्बन्धी त्रिस्तरीय प्रक्रिया को अपनाते हुए ऑनलाइन आवेदन सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण करें। उक्त प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु आयोग के विज्ञापन संख्या–1/2020–21, दिनांक 05.09.2020 का अवलोकन कर सकते हैं।

सचिव।